## उत्तर प्रदेश पुलिस के सिपाहियों ने फिर पेश की

## इमानदारी की मिसाल



**महिला को पर्स लौटाते सिपाही।**

जनपद गोरखपुर के गुलरिहा थाने में तैनात सिपाही गोपाल मिश्र और संजय राय दिन में गश्त में निकले थे। इस दौरान अशरफपुर के पास सड़क पर गिरा एक पर्स उन्हें मिला। पर्स की तलाशी लेने पर रुपये, आधार कार्ड और मोबाइल फोन मिला। आधार कार्ड पर लिखे पते से पता चला कि पर्स करमहा बुजुर्ग निवासी जयकरन की पत्नी इंद्रावती देवी का है। सिपाहियों ने ग्राम प्रधान को फोन कर इंद्रावती को थाने पर बुलवाया और उनका पर्स वापस लौटा दिया।पर्स में 23500 रुपया नकद और आधार कार्ड और मोबाइल फोन रखा था।

इंद्रावती ने बताया कि दोपहर में वह बेटी के साथ साइकिल से पूर्वाचल ग्रामीण बैंक, गुलरिहा बाजार में रुपया जमा करने निकली थीं। रास्ते में उनका पर्स गिर गया। बैंक पहुंचने के बाद इसकी जानकारी होने पर उन्होंने पर्स खोजने की काफी कोशिश की लेकिन पता नहीं चला। आखिरकार निराश होकर वह घर लौट गईं।पर्स लौटाने पर दोनों सिपाहियों के प्रति वह बार-बार आभार जता रही थीं।